**झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखण्ड)**

**प्रथम सावधिक परीक्षा (2021-2022)**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र** **सेट- 04**

| कक्षा- 12 | विषय- हिंदी (कोर) | समय- 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक- 40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश-**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

**खंड - (क)**

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 01 से 04 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो।

उसको क्या,जो दंतहीन,विषहीन, विनीत सरल हो।

तीन दिवस तक पंथ माँगते रघुपति सिंधु किनारे,

बैठे पढ़ते रहे छंद अनुनय के प्यारे-प्यारे।

उत्तर में जब एक नाद भी उठा नहीं सागर से।

उठी अधीर, धधक पौरुष की आग राम के शर से।

सिंधु देह धर त्राहि-त्राहि करता आ गिरा शरण में,

चरण पूज, दासता ग्रहण की, बँधा मूढ़ बंधन में।

01. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक है?

A. क्षमा वीरों का जंजीर B. क्षमा वीरों का भूषण

C. क्षमा कायरों का जंजीर D. क्षमा कायरों का भूषण

02. इस पद्यांश में मनुष्य में किस गुण की आवश्यकता बताई गई है?

A. कायरता B. क्रोध

C. वीरता D. गरलता

03. सागर हाथ जोड़कर रक्षा की पुकार किससे करने लगा?

A. लक्ष्मण B. हनुमान

C. सुग्रीव D. राम

04. रघुपति के विनयपूर्ण प्रार्थना का सागर ने क्या उत्तर दिया?

A. मार्ग नहीं दिया B. मार्ग दे दिया

C. सागर अधीर हो गया D. सागर धधक उठा

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 05 से 08 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

बड़े-बड़े धन-कुबेर निरंतर श्रम से ही असीम संपत्ति के स्वामी बने हैं। फ़ोर्ड साधारण मैकेनिक था। धीरूभाई अंबानी शिक्षक थे। लगन और दृढ़-संकल्प परिश्रम को सार्थक बना देते हैं। गरीबी के साथ परिश्रम जुड़ जाए तो सफलता मिलती है और अमीरी के साथ श्रमहीनता या निठल्लापन आ जाए तो असफलता मुँह बाए खड़ी रहती है। भारतीय कृषक के परिश्रम का ही फल है कि देश में हरित क्रांति हुई। अमेरिका के सड़े गेहूँ से पेट भरने वाला देश आज गेहूँ का निर्यात कर रहा है। कल-कारखाने रात-दिन उत्पादन कर रहे हैं। हमारे वस्त्र दुनिया के बाजारों में बिकते हैं। उन्नत औद्योगिक देश भी हमसे वैज्ञानिक उपकरण खरीद रहे हैं। किसी क्षेत्र में हम पिछड़े हैं तो उसका कारण है, वहाँ परिश्रम का अभाव। विद्यार्थी-जीवन तो परिश्रम की पहली पाठशाला है। यहाँ से परिश्रम की आदत पड़ जाए तो ठीक, अन्यथा जाने कहाँ-कहाँ की ठोकरें खानी पड़े।

05. धीरूभाई अंबानी पहले क्या थे?

A. मैकेनिक B. शिक्षक

C. किसान D. निवेशक

06. हरित क्रांति किसके परिश्रम का परिणाम है?

A. नियम नियंताओं के   B. किसानों के

C. मजदूरों के   D. निवेशकों के

07. परिश्रम की पहली पाठशाला किसे कहा गया है ?

A. विद्यार्थी-जीवन को   B. कृषक-जीवन को

C. गृहस्थ-जीवन को   C. वैज्ञानिक-जीवन को

08. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा?

A. परिश्रम सफलता की कुंजी   B. परिवर्तनशील संसार

C. परिवर्तनशील समय   D. भारतीय कृषक

**खंड - 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम)**

09. संचार शब्द में कौन-सी धातु प्रयुक्त हुई है?

A. सच   B. चर

C. चार   D. सम

10. भारत में आकाशवाणी कितनी भाषाओं में कार्यक्रम प्रस्तुत करती है?

A. 20   B. 24

C. 28   D. 22

11. भारत में टेलीविजन की शुरुआत कब हुई थी?

A. 1959   B. 1945

C. 1956   D. 1960

12. हिंदी की पहली बोलती फिल्म कौन है?

A. राजा हरिशचंद्र   B. सत्य हरिशचंद्र

C. आलम आरा   D. अर्धसत्य

13. भारत में पहली मूक फिल्म बनाने का श्रेय किसको है?

A. सत्यजित राय　　B. बलराज साहनी

C. दादा साहब फाल्के　　D. मृणाल सेन

14. प्रिंट मीडिया के अंतर्गत आता है?

A. रेडियो　　B. टेलीविजन

C. फिल्म　　D. समाचार पत्र

15. जनसंचार का सबसे नया और लोकप्रिय माध्यम है ?

A. समाचार पत्र　　B. इंटरनेट

C. किताब　　D. टेलीविजन

16. भारत की पहली मूक फिल्म कौन है?

A. आलम आरा　　B. सत्य हरिश्चंद्र

C. राजा हरिश्चंद्र　　D. बरसात

17. भारत में पहला छापाखाना कहाँ खुला?

A. गोवा　　B. मुंबई

C. पटना　　D. नई दिल्ली

18. 'लाइव' शब्द का अर्थ हैं?

A. जिसका सीधा प्रसारण होता है　　B. जिसका बाद में प्रसारण होता है

C. जिसका पहले प्रसारण हो चुका है　　D. इनमें से कोई नहीं

**खंड - 'ग' (पाठ्यपुस्तक)**

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19 से 22 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

नील जल में या किसी की

गौर झिलमिल देह

जैसे हिल रही हो

और...

जादू टूटता है इस उषा का अब

सूर्योदय हो रहा है।

19. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है

A. एक गीत B. पतंग

C. उषा D. बादल राग

20. नीले जल में गौर देह के झिलमिलाने द्वारा कौन सा दृश्य चित्रित किया गया है?

A. सूरज की चमक के झिलमिलाने का दृश्य

B. तारों की चमक के झिलमिलाने का दृश्य

C. बिजली की चमक के झिलमिलाने का दृश्य

D. चाँद की चमक के झिलमिलाने का दृश्य

21. 'नील जल' के उपमान द्वारा कवि किसका चित्रण करना चाहता है?

A. नील नदी का B. नीले स्वच्छ आकाश का

C. नीले वस्त्र का D. सतरंगी इंद्रधनुष का

22. उषा के जादू का क्या तात्पर्य है?

A. स्त्री का अपार सौंदर्य B. जादू की कला का सौंदर्य

C. सूरज की किरणों का सौंदर्य D. प्रातःकालीन वातावरण का सौंदर्य

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

23. हरिवंशराय बच्चन रचित प्रसिद्ध आत्मकथा कौन-सी है?

A. हेमलेट B. जनगीता

C. मैकवेथ D. नीड़ का निर्माण फिर

24. 'यह प्रश्न शिथिल करता पद को भरता उर में विह्वलता है' पंक्ति में 'उर' का क्या अर्थ है?

A. हृदय B. नेत्र

C. गति D. वाणी

25. 'चक्रव्यूह' काव्य रचना किसकी है?

A. रघुवीर सहाय B. कुँवर नारायण

C.गजानन माधव 'मुक्तिबोध' D. फिराक गोरखपुरी

26. 'कविता के बहाने' शीर्षक कविता के आधार पर बताइए कि किस की संभावना असीम है?

A. छंद B. अलंकार

C. रस D. रचना

27. 'उषा' कविता में किस वातावरण का चित्रण है?

A. सूर्योदयकालीन वातावरण B. सूर्यास्तकालीन वातावरण

C. दिवाकालीन वातावरण D. रात्रिकालीन वातावरण

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 31 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

भक्तिन के संस्कार ऐसे हैं कि वह कारागार से वैसे ही डरती है, जैसे यमलोक से। ऊँची दीवार देखते ही, वह आँख मूँदकर बेहोश हो जाना चाहती है। उसकी यह कमजोरी इतनी प्रसिद्धि पा चुकी है कि लोग मेरे जेल जाने की संभावना बता-बताकर उसे चिढ़ाते रहते हैं। वह डरती नहीं, यह कहना असत्य होगा, पर डर से भी अधिक महत्व मेरे साथ का ठहरता है। चुपचाप मुझसे पूछने लगती है कि वह अपनी कै धोती साबुन से साफ कर ले, जिससे मुझे वहाँ उसके लिए लज्जित न होना पड़े। क्या-क्या सामान बाँध ले, जिससे मुझे वहाँ किसी प्रकार की असुविधा न हो सके।

28. प्रस्तुत पाठ की लेखिका का क्या नाम है?

A. धर्मवीर भारती B. महादेवी वर्मा

C. जैनेंद्र कुमार D. फणीश्वरनाथ रेणु

29. भक्तिन की कमजोरी क्या थी?

A. गाँव से डरती थी B. घर से डरती थी

C. जेल जाने से डरती थी D. रसोई से डरती थी

30. भक्तिन के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू क्या था?

A. लेखिका के घर में शिक्षक बनकर रहना

B. लेखिका के पुस्तक को पढ़ना

C. लेखिका के साथ प्रत्येक परिस्थिति में न रहना

D. लेखिका के साथ प्रत्येक परिस्थिति में रहना

31. भक्तिन के विषय में क्या कहना असत्य होगा?

A. वह संस्कारी है B. वह कारागार से डरती नहीं है

C. वह लेखिका के साथ रहना चाहती है D. वह अपनी धोती स्वयं साफ करती है

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

32. ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त 'यामा' किसकी रचना है?

A. हरिवंश राय बच्चन B. कुँवर नारायण

C. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' D. महादेवी वर्मा

33. महादेवी वर्मा कृत निबंध संग्रह 'शृंखला की कड़ियाँ' का प्रकाशन वर्ष क्या है?

A. 1983 B. 1942

C. 1987 D. 1907

34. 'भक्तिन अच्छी है, यह कहना कठिन होगा' - भक्तिन के विषय में यह मंतव्य किसका है?

A. लेखिका B. लछमिन

C. भक्तिन D. विमाता

35. 'बाजार दर्शन' किस विधा की रचना है?

A. कहानी

B. संस्मरण

C. निबंध

D. रिपोर्ताज

36. निबंधकार जैनेंद्र कुमार के अनुसार पैसे की शक्ति में कौन-सी शक्ति निहित होती है?

A. हास्य-शक्ति

B. व्यंग्य-शक्ति

C. उपहास-शक्ति

D. मातृ-शक्ति

37. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी की मूल संवेदना क्या है?

A. दो पीढ़ियों का अंतराल

B. बेरोजगारी

C. अशिक्षा

D. विस्थापन

38. यशोधर जी का दूसरा बेटा किस परीक्षा की तैयारी कर रहा है?

A. आई。 ए。 एस。

B. पी。 सी。 एस。

C. एस。 एस。 सी。

D. एन。डी。ए。

39. यशोधर बाबू किस प्रकार के जीवन के पक्षधर थे?

A. बनावटी

B. मस्तीपुर

C. सादगीपूर्ण

D. आडंबरपूर्ण

40. यशोधर पंत के कितने बेटे थे?

A. एक

B. दो

C. तीन

D. चार